फोटो - अर्जुन कांबले

मुंबई मेट्रो का मेगा कोरोना केंद्र

■ दहिसर-बोरीवली में बन रहे हैं दो कोरोना केयर केंद्र
■ १,०५० बेड की होगी क्षमता
■ ऑक्सीजन-डायलिसिस की होगी सुविधा
■ दो सप्ताह में बनकर होगा तैयार

सामना संवाददाता / मुंबई

एमएमआरडीए, म्हाडा, एसआरए के बाद अब मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन कोरोना मरीजो के इलाज में मदद के लिए दौड़ पड़ी है। मुंबई मेट्रो कोरोना संक्रमित सेमी क्रिटिकल मरीजों के इलाज के लिए दो कोरोना केयर बनाने जा रही है। यह दोनों केंद्र पश्चिम उपनगर में बनाए जाएंगे। इन दोनों केंद्रों में करीब १,०५० बेड की क्षमता होगी जिसमे २०० से अधिक बेड ऑक्सीजन सुविधा से लैस होंगे। पश्चिम उपनगर में बढ़ते कोरोना मरीजों की संख्या को देखते हुए यहां कोरोना केंद्र बनाने की मांग शिवसेना उपनेता विनोद घोसालकर ने की थी।

बता दें कि रोजाना मुंबई में एक हजार से अधिक कोरोना के मरीज मिल रहे है। इन मरीजों का समय पर इलाज हो इसके लिए मुंबई मनपा सहित राज्य सरकार अस्पतालों में बेड की क्षमता बढ़ाने के साथ ही कोरोना केयर सेंटर बनाने पर जोर दे रही है।कोरोना केयर केंद्र बनाने में सरकारी एजेंसियां भी मदद कर रही है। एमएमआरडीए के बाद अब मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन दो कोरोना केयर केंद्र बनाने में जुट गई है। एक कोरोना केयर केंद्र दहिसर के चुंगी नाका में बनाया जा रहा है तो दूसरा बोरीवली आरटीओ के समीप कांदरपाड़ा में बनाया जाएगा। दहिसर चुंगी नाका में ८०० बेड की क्षमतावाला और कांदरपाड़ा में २५० बेड की क्षमतावाला कोरोना केयर केंद्र बनाया जा रहा है। ८०० बेड के कोरोना केयर केंद्र में २०० बेड ऑक्सीजन युक्त होंगे। २५० बेड के कोरोना केयर केंद्र में आईसीयू और डायलिसिस की सुविधा होगी। दोनों केंद्र दो सप्ताह में बनकर तैयार होंगे।